हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

11 जामपानी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने किया प्रदर्शन



12 टैक्स नहीं पटाने वाले 75 बकायादारों को नोटिस जारी



## खबर संक्षेप

### बोरसी में मड़ई कल

**मगरलोड।** ग्राम बोरसी में ग्रामवासियों के सहयोग से 3 फरवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला जिला बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी शोहिल साहू ने दी है।

### पीपरछेड़ी में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**पुरी।** ग्राम पीपरछेड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 2, 3 और 4 फरवरी को किया गया है। मानसगान की तैयारी में समिति के सदस्य दिनेश साहू, उमरावराम साहू, उत्तम साहू, उमाशंकर साहू, रेखलाल साहू जुटे हैं।

### गागरा में रामायण प्रतियोगिता कल से

**पुरी।** ग्राम गागरा में ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय संगीतमय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को किया गया है। यह जानकारी जसवंत साहू, मनोज ध्रुव, महेश ध्रुव, डॉ. खेमराज साहू, पवन साहू ने दी है।

### जीजामगांव में मड़ई मेला 5 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 5 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### सिर्री में हरिकीर्तन कल

**सिर्री।** प्रभातफेरी समिति सिर्री द्वारा बाजार चौक में हरिकीर्तन कार्यक्रम 3 फरवरी शनिवार को रखा गया है। प्रवचनकर्ता



बलरामपुर रजवाड़ा के पीठाधीश संत सीताराम महाराज होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में प्रभात फेरी समिति सिर्री के अध्यक्ष श्यामलाल साहू, संरक्षक बहुरराम यादव, कोषाध्यक्ष नेकराम पटेल सहित सदस्यगण जोहतराम, विष्णुराम, शंभू साहू, श्यामलू, विनोद सिन्हा, आनंद पटेल, चंद्रप्रकाश साहू, सखाराम साहू, चंद्रभान पटेल, टापेश्वर देवांगन, तोशल साहू, ललित साहू, नरेश साहू जुटे हुए हैं।

### गागरा में कबीर सत्संग समारोह 9 से

**पुरी।** ग्राम गागरा में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 9 एवं 10 फरवरी को किया गया है। मानवीय चेतना एवं आध्यात्म की अलख जगाने सदगुरु कबीरवाणियों को लेकर संत गौरव साहेब राजस्थान से अपनी संत मंडली सहित पधार रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 2.30 से 5 बजे तक पारख का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में सदाराम साहू, पुनीतराम साहू, निर्मल साहू, निरंजन साहू, इन्द्रेश साहू, मोतीराम साहू जुटे हैं।

### मड़वापथरा में गोंडवाना ट्राफी 8 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम मड़वापथरा में चार दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता गोंड़वाना ट्राफी का आयोजन 8 से 11 फरवरी तक किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,001 रूपये, द्वितीय 5001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2501 रूपये प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड की फोटो जमा करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता की तैयारी में आयोजन समिति के गोलू कुंजाम, प्रेम मंडावी, देवा कतलाम समेत अन्य जुटे हैं। प्रवेश शुल्क 400 रूपये हैं।


### मास्टर प्लान में 30 साल से रिंग रोड की कल्पना अब तक नहीं हुई साकार

# शहर के चौमुखी विकास के लिए रिंग रोड की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में भारी वाहनों के गुजरने से आए दिन हो रहे सड़क हादसे को रोकने रिंग रोड की मांग उठने लगी है। गौण खनिज का परिवहन करने वाले हाइवा वाहनों की शहर में 14 घंटे की नो एंट्री ने हाइवा संचालकों की कमर तोड़ दी है। हालात यही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब शहर तथा आसपास के गांवों में रेत, मुरूम, मिट्टी सप्लाई करने वाले हाइवा संचालक रोड पर आ जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि शहर का दायरा धीरे-धीरे फैलता जा रहा है। शासकीय तथा निजी निर्माण कार्य जगह- जगह हो रहे हैं। हाइवा, ट्रेक्टर आदि भारी वाहनों से रेत, मुरम, गिट्टी की खूब डिमांड हैं, लेकिन सप्लाई बाधित है। गौण खनिज का परिवहन करने वाले जतिन कोटवानी, दिलीप वाधवानी, विरेंद्र देवांगन बताते हैं कि शहर में करीब 20-25 हाइवा है जो लोकल स्तर पर रेत, मुरूम, मिट्टी का सप्लाई करते हैं। जबकि रायपुर, दुर्ग, बालोद जिले से सैकड़ों हाइवा गौण खनिज के लिए शहर क्रॉस कर महानदी की खदान पहुंचते हैं। नो एंट्री का समय सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक होने के कारण परिवहन का कार्य



सिर्फ रात को हो पाता है। अन्य जिलों से आने वाले हाइवा गिट्टी लाकर रेत ले जाते हैं, लेकिन स्थानीय सप्लायरों के वाहन शहर में एक या दो चक्कर लगा पाते हैं। जिससे वाहन की किस्त पटाने लायक भी कमाई नहीं होती। सप्लायरों का कहना है कि शहर के आउटर में रिंग रोड का निर्माण बेहद जरूरी है, जिससे वाहनों को पर्याप्त काम मिलेगा तथा शासन को राजस्व प्राप्त होगा।

### मास्टर प्लान पर काम करने की जरूरत

शहरवासी पप्पू सोनी, राजेश राजपुरिया, सोमन देवांगन का कहना है कि धमतरी जिला जबसे अस्तित्व में आया है तब से ग्राम एवं नगर निवेश द्वारा मास्टर प्लान तैयार किया गया। 25 साल बाद बाईपास मार्ग बन पाया। रेल लाइन पर काम हो रहा है। महत्वाकांक्षी योजनाओं की कछुआ चाल से धमतरी विकास में काफी पीछे रह गया है। शहर नेशनल हाईवे में बसे होने के कारण वाहनों का भारी दबाव पड़ता है। अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। हर साल कई लोग दुर्घटना में अपंग होते हैं तो कई लोग की अकाल मौत हो जाती है। अब शहर के आउटर में रिंग रोड निहायत जरूरी है ताकि सड़क हादसे पर लगाम लग सके।

### श्यामतराई से अर्जुनी तक रिंग रोड का प्लान

नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक पूजनप्रसाद साहू ने बताया कि सन 2031 तक के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। रिंगरोड, श्यामतराई, भटगांव, रूद्री, करेठा, कोलियारी, कानीडबरी, शंकरदाह, सेहराडबरी, अर्जुनी हाईवे में जुड़ेगा। रिंग रोड बनने से शहर में भारी वाहनों का दबाव नहीं रहेगा।

# रेत से भरे हाईवा ने दो भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत

- दूसरा गंभीर, इलाज के लिए रायपुर रिफर
- मृतक 10वीं का छात्र था, रमई मंदिर के समीप हुआ हादसा
- घटना के बाद चालक फरार, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड







रेत से भरे हाइवा ने ग्राम पहंदा के पूर्व रमई मंदिर के समीप मोटरसाइकिल में सवार दो चचेरे भाइयों को ठोकर मार दी। इस घटना में एक भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया है। घटना के बाद चालक फरार है। ग्रामीणों में आक्रोश है।

ज्ञात हो कि विकासखंड में रेत से भरे हाईवा की लगातार आवाजाही से छोटे वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। महानदी मेघा से लेकर करेली छोटी, छिपली, मोहंदी, जामली, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, बोरसी से मथुराडीह तक वाहनों की रेलमपेल से राहगीर भयभीत हैं। 31 जनवरी बुधवार की रात्रि ग्राम पहंदा के पूर्व मोटरसाइकिल सवारों को रेत से भरे हाईवा ने टक्कर मार दी। इस घटना में 10वीं के छात्र की जान चली गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कमरौद निवासी आनंद निषाद पिता सियाराम निषाद उम्र 18 वर्ष अपने चचेरे भाई भीषम निषाद पिता रामप्रसाद निषाद उम्र 15 वर्ष के साथ 31 जनवरी को ग्राम बोरसी के सगाई कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अपने गांव जा रहा था। मोटरसाइकिल आनंद निषाद चला रहा था। ग्राम पहंदा के पूर्व रमई मंदिर समीप मोड़ पर रेत भरे हाईवा की जबरदस्त ठोकर से बाइक सवार सड़क किनारे झाड़ में टकराकर गिर गए। तेज रफ्तार हाइवा की ठोकर से घटनास्थल पर ही भीषम निषाद की मौत हो गई। वह 10वीं की छात्र था। घटना के बाद हाईवा चालक फरार हो गया। मृतक के साथी आनंद निषाद को शासकीय अस्पताल मगरलोड में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रायपुर रिफर किया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस द्वारा घटना स्थल की गहन जांच पड़ताल नहीं करते हुए मोटर साइकिल वाहन चालक के अनियंत्रित होकर गिरने से मौत होना बताया जा रहा है जबकि रेत से भरे हाईवा ट्रक की रेलमपेल व तेज गति से राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खनिज विभाग की मिलीभगत से रेत माफिया के ऊपर कारवाई नहीं होने उनके हौसले बुलंद हैं। उक्त मार्ग में तेज गति से हाईवा वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने शासन- प्रशासन से हाइवा की रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## माह भर में 750 से अधिक वाहन चालकों पर हुई चालानी कार्रवाई

- हिदायत के बाद मॉडिफाई सायलेंसर निकलवाने लगे बाइक चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यातायात नियमों का पालन कराने व सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से ट्रेफिक पुलिस ने जनवरी माह में लगभग 750 से अधिक वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की है।

सुगम यातायात व नियमों का पालन कराने ट्रेफिक पुलिस लगातार जुटी हुई है। नो पार्किंग, ट्रिपल सवार, बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले चालकों को समझाइश के साथ चालानी कार्रवाई कर रही है। वहीं ओव्हरलोड पाये जाने वाले वाहनों का भी चालान काटा जा रहा है। बाधारहित यातायात व्यवस्था व यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होने वाले सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से वाहनों की चेकिंग व नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर चालकों पर कार्रवाई कर समन शुल्क वसूल किया जा रहा है। इसी के साथ मवेशीमुक्त मार्ग



बनाने पुलिस द्वारा सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों को रोड से हटाया जा रहा है। वहीं रात्रि में सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने मवेशियों के गले में रेडियम पट्टा व सींग पर रेडियम का स्टीकर लगाया जा रहा है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। बीते जनवरी माह में यातायात पुलिस ने 750 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। वहीं चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई है। इसी के साथ वाहनों में लगाये गये प्रेशन हार्न पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बीते दिनों पुलिस ने वाहनों से 304 प्रेशर हार्न जब्त किया है। प्रेशर हार्न के बाद पुलिस की अगली कार्रवाई मॉडिफाई सायलेंसरों पर होनी है।

### कार्रवाई के डर से लोग खुद सुधर रहे

वाहनों में लगे प्रेशर हार्न व बुलेट के मॉडिफाई सायलेंसरों के खिलाफ एसपी द्वारा सख्त कार्रवाई करने के निर्देश के बाद यातायात पुलिस ने इन वाहनों पर कार्रवाई तेज कर दी है, जिसके चलते चालक अपने वाहनों से प्रेशर हार्न व बुलेट से मॉडिफाई सायलेंसर निकलवाने आटो सेंटर पहुंचने लगे हैं। कुछ आटो सेंटर संचालकों ने बताया कि पुलिस कार्रवाई को देखते हुए चालक बाइक व बुलेट से प्रेशर हार्न व मसॅडिफाई सायलेंसर को निकलवाकर सामान्य हार्न व सायलेंसर लगवा रहे हैं।

## पहली बार मंडी में संकट, एक दिन के अंतराल में मिल रहा मजदूरों को काम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- धान की आवक कम होने पर खरीदारी करने कुछ ही मिलर्स आ रहे

सालों बाद मंडी में आवक इतनी कमजोर हो गई है कि यहां के मजदूरों को ढंग से काम नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि मजदूर एक दिन के अंतराल में मंडी में काम करने आ रहे हैं। वहीं व्यापारियों का मोहभंग होने से भी मंडी में धान का रेट बढ़ नहीं पा रहा है।

इस साल सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी है। लिमिट इतनी कर दी गई है कि अधिकांश किसानों के पास समर्थन मूल्य पर बेचने के बाद धान ही नहीं बच पा रहा है। वहीं जिनके पास धान बचा हुआ था, उसे उन्होंने दूसरे किसानों के खाते में समर्थन मूल्य में खपा दिया है। किसानों के पास धान नहीं बचने का असर मंडी में दिखाई दे रहा है। यहां पर आवक काफी कम हो गई है। रोजाना 200-250 क्विंटल धान ही मंडी पहुंच रहा है। धान की मात्रा कम होने से यहां खरीदारी करने वाले मिलर्स की संख्या भी घट गई है। दो-तीन मिलर्स ही यहां खरीददारी कर रहे हैं। खरीददारी में कम्पिटिशन नहीं के बराबर है, जिसके चलते धान का रेट भी नहीं बढ़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में आरईआर 64 को 2380, सांभा को 2540 और श्रीराम धान को 2700 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है।



### मजदूरों को नहीं मिल रहा काम

मंडी में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि रोजाना मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। आवक में कमी के चलते मजदूरों को रोजाना मंडी में काम करना रास नहीं आ रहा है। उन्हें पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है। स्थिति यह है कि वे एक दिन के अंतराल में मंडी पहुंचकर काम कर रहे हैं। इससे किसानों को धान बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

## तीन जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, दर्जनभर जुआरी गिरफ्तार

- बिरेझर पुलिस की कार्रवाई

**धमतरी।** पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर दर्जनभर जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने जुआ व सट्टा के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एसपी की सख्त हिदायत के बाद पुलिस जुए व सट्टे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बिरेझर पुलिस चौकी ने तीन स्थानों पर लगे जुआ फड़ में छापामार कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर बिरेझर पुलिस ने ग्राम करगा के श्मशान घाट में दबिश दी। यहां जुआ खेल रहे प्रवीण साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम हथबंद, राजकुमार 40 वर्ष मोतियारडीह थाना अभनपुर, रेवत बांधे 45 वर्ष मोतियारडीह व पुनाराम यादव 45 वर्ष अभनपुर को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 सौ रुपए नकदी बरामद की है। इसी तरह पुलिस की दूसरी छापामार कार्रवाई ग्राम करगा के हाईस्कूल के पास जुआ फड़ में हुई जहां चुनुराम साहू 50 वर्ष, डोमनलाल साहू 28 वर्ष, राजू जोशी 48 वर्ष, योगेश्वर साहू 40 वर्ष चारों ग्राम हसदा नं. 2 थाना अभनपुर निवासी व मनीष कोसरिया 25 वर्ष ग्राम चंडी थाना अभनपुर निवासी को जुआ खेलते पकड़ उनके कब्जे से 2800 रुपए जप्त किए हैं। पुलिस ने तीसरी कार्रवाई ग्राम भैंसबोड़ के श्मशान घाट में चल रहे जुआ फड़ में की। इस कार्रवाई में शत्रुघन बंजारे 45 वर्ष ग्राम सोनपुर, डोमारसिंह 40 वर्ष सोनपुर व आशीष टंडन 30 वर्ष ग्राम सिलतरा थाना भखारा निवासी को जुआ खेलते गिरफ्तार कर उससे 2 हजार नकदी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3/2 छग जुआ प्रतिशेष अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की है।

## अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- वन विभाग के सभी काम-काज ठप

प्रदेश संगठन के आह्वान पर धमतरी के वन कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। गांधी मैदान में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी वे काम पर नहीं लौटेंगे। हड़ताल की वजह से विभाग का कामकाज ठप्प हो गया है। जंगलों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

हड़ताल पर बैठे वन कर्मचारी तुलेश्वर पात्रे, मंशाराम साहू, राकेश तिवारी, सुदामा निर्मलकर, पोखराज नेताम, प्रेमलाल निषाद, रोहित पटेल, देवलाल साहू, अमित पटेल, उमाशंकर नागवंशी, ईश्वर साहू, कमलेश यादव, कुलेश्वर बघेल, अमित गजेंद्र, यशवंत साहू, जितेंद्र नेताम, उमेश सिंह, सुशांत शिंदे, योगिता तिवारी, उषा पटेल, कौशिल्या यादव ने बताया कि धमतरी के 240 कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

उनकी प्रमुख मांगों में छग राज्य लघु वनोपज कार्यालय द्वारा संघ के 180 पदों को संविदा से भरे जाने पर रोक लगाई जाए। वनरक्षक, वनपाल, उपवन क्षेत्रपाल का वेतनमान संघ द्वारा प्रस्तावित ग्रेड पे वनरक्षक 2400, वनपाल 2800, उपवन क्षेत्रपाल 4200 रूपये नया ग्रेड पे स्वीकृत किया जाए। विभागीय सेट अप पुनरीक्षित किया जाए। 2750-3050 वेतनमान को शासन द्वारा मान्य किए जाने के पश्चात समस्त कोषालयों में मान्य किए जाने के लिए कार्रवाई की जाए। संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश साहू, आरके तिवारी ने बताया कि इस हड़ताल में चौकीदार से लेकर डिप्टीरेंजर तक सभी हड़ताल पर हैं। इससे वन विभाग के सभी कार्य प्रभावित हैं।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


### धमतरी ब्लॉक में 9 और मगरलोड में 5.67 प्रतिशत छात्र को मिला ग्रेड ई

# अर्धवार्षिक परीक्षा में खुली शिक्षा गुणवत्ता की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अर्धवार्षिक परीक्षा में शिक्षा की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। उच्च प्राथमिक स्तर पर धमतरी विकासखंड की बात करे तो 48 प्रतिशत छात्र सी ग्रेड और उससे नीचे के रैंक में आए हैं। 9 प्रतिशत छात्र तो ई ग्रेड में आए हैं, जिन्हें 33 प्रतिशत से कम अंक मिला है।

पिछले साल जिले का रिजल्ट काफी खराब आया था। रिजल्ट का मंथन करने के बाद अधिकारियों ने इस साल रिजल्ट अच्छा लाने के लिए ताकत लगानी शुरू कर दी थी। मिशन अव्वल सहित कई अभियान चलाकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास किया गया, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे अधिकारियों को झटका लगा है। शिक्षा की गुणवत्ता में जैसा सुधार आना था, वैसा नहीं आ पाया। हाल ही में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें धमतरी ब्लाक के मिडिल स्कूल के केवल 48 प्रतिशत छात्रों को ही 60 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं, जबकि 52 प्रतिशत छात्रों को 60 अंक से कम मिला है। उन्हें सी ग्रेड सी से नीचे रखा गया है। यहीं नहीं 19 प्रतिशत से ज्यादा छात्र 40 प्रतिशत से कम अंक लाए हैं। उन्हें ग्रेड डी और ई में रखा गया है। इन छात्रों का शिक्षा स्तर सुधारने के लिए सतत निरीक्षण किया जा रहा है।



### बाकी विकासखंड में भी ध्यान देने की आवश्यकता

मगरलोड ब्लाक में स्थिति धमतरी से ज्यादा अच्छी है। इसके बाद भी यहां ध्यान देने की जरूरत है। मगरलोड ब्लाक में मिडिल स्कूल के 5250 छात्र अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल हुए। इसमें से 92.73 प्रतिशत छात्रों को ग्रेड ए से लेकर ग्रेड डी मिला है। 5.67 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं, जिन्हें 33 प्रतिशत से कम अंक मिला है। कुरूद और नगरी ब्लाक की स्थिति इससे मिलती जुलती है।

### यह है स्थिति

धमतरी विकासखंड के मिडिल स्कूल में कुल 8 हजार 259 छात्र पढ़ रहे हैं। इनमें से अर्धवार्षिक परीक्षा में 8 हजार 126 ने भागीदारी की थी। इनमें से 426 छात्रों को ए प्लस ग्रेड मिला है। 937 ने 81-90 प्रतिशत अंक लाया है। उन्हें ए ग्रेड दिया गया है। 16.45 प्रतिशत छात्रों को 71-80 प्रतिशत अंक मिला है। उन्हें बी प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी प्रकार 15 प्रतिशत छात्रों को बी, 17 प्रतिशत को सी प्लस, 15 प्रतिशत को सी, 10.62 प्रतिशत को डी और 9 प्रतिशत को ई ग्रेड मिला है।

### प्राइमरी में भी सुधार की जरूरत

प्राइमरी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। 1 ली से 5वीं कक्षा तक के रिजल्ट पर नजर डाले तो 10 हजार 305 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। इसमें से 7.38 प्रतिशत को ग्रेड ए प्लस मिला है। 12 प्रतिशत को ग्रेड ए, 17 प्रतिशत को बी प्लस, 18 प्रतिशत को बी, 18 प्रतिशत को सी प्लस, 16.50 प्रतिशत को सी, 7 प्रतिशत को डी और 4 प्रतिशत को ग्रेड डी मिला है।


## आवश्यकता है

### श्री गोपाला बच्चों का अस्पताल

पीडियाट्रिक हॉस्पीटल में कार्य करने हेतु आवश्यकता है

1. नर्सिंग स्टाफ : 6 पद
2. डेन्टिस्ट : 1 पद
3. अटेंडेंट : 4 पद
4. कुक व हेल्पर (केंटीन) : 2 पद


- इंटरव्यू हेतु -

दिनांक : 6 फरवरी 2024 को समय दोपहर 3 से 5 बजे तक

श्री गोपाला हॉस्पीटल, रत्नाबांधा रोड, धमतरी

संपर्क : मो. 93400-05344, 88171-41750

## खबर संक्षेप



### कंडेल में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 11 से

**पुरी।** ग्राम कंडेल में पांच दिवसीय 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन 11 से 15 फरवरी तक किया गया है। 11 फरवरी को दोपहर 2 बजे से मंगल कलश यात्रा, शाम 6 बजे से अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित एवं संध्या आरती, चालीसा पाठ होगा। 12 एवं 13 फरवरी को प्रातः 5.30 से 6 बजे तक गायत्री आरती, शिव आरती, प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रज्ञा योग, ध्यान साधना, 8 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, दोपहर 12 से 2 बजे तक भोजन अवकाश, दोपहर 2 से 5 बजे शिव महापुराण कथा होगी। 14 फरवरी बुधवार को प्रातः 8 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं सभी संस्कार, दोपहर 12 से 2 बजे तक भोजन अवकाश, दोपहर 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण, शाम 5 से 7 बजे दीपयज्ञ होगा। 15 फरवरी गुरुवार को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रज्ञा योग, ध्यान साधना, प्रातः 8 से 12 बजे तक, गायत्री महायज्ञ एवं पूर्णाहूति, दोपहर 2 से 5 बजे तक शिवपुराण, टोली की विदाई होगी। यह जानकारी कलीराम साहू एवं पारसमणि साहू ने दी है।

### पढ़बो कुरुद के तहत डोनेट अ बुक कैंपेन का आयोजन

**कुरुद।** धमतरी जिला प्रशासन एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से पढ़बो कुरुद थीम अंतर्गत डोनेट अ बुक कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आमजन विभिन्न प्रकार की पुस्तकें विद्यार्थियों के उपयोग हेतु डोनेट कर सकते हैं। कुरुद विकासखण्ड स्रोत समन्वयक राजेश पाण्डेय से मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार विकासखण्ड में 30 जनवरी से 15 फरवरी तक डोनेट अ बुक कैम्पन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उपयोगी पुस्तकें जैसे मोटिवेशनल महापुरुषों की जीवनी, प्रतियोगी परीक्षा, देशभक्ति आदि पुस्तकें दान कर सकते हैं। पुस्तकें डोनेट करने हेतु विकासखण्ड स्रोत समन्वयक कार्यालय जनपद पंचायत परिसर कुरुद से सम्पर्क किया जा सकता हैं। उन्होंने सभी से इस कैम्पन में सहयोग करने की अपील है।

### निधन : बलदेव निषाद

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी बलदेव निषाद 71 वर्ष का 30 जनवरी



मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। वे अशोक निषाद, अजय निषाद, देवलाल निषाद के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।




सिर्री में तीन दिवसीय सत्संग का समापन

# दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रत्येक कार्य सफल : गुरुभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री की सत्संग समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 29 से 31 जनवरी तक सत्संग समारोह का आयोजन पूर्व सरपंच सरदार सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता के निवास स्थान में किया गया।

बुधवार को समापन दिवस पर रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी प्रवचन सुनने उपस्थित हुए। अंतिम दिवस सत्संग समारोह में प्रवचनकर्ता गुरुभूषण साहेब ने अपने प्रवचन में इंसान के भीतर के आत्मविश्वास की शक्ति की बात कही। आगे कहा कि आत्मविश्वास के साथ दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ



आगे बढ़ते हुए सर्वप्रथम छोटे निर्णयों में सफल होना चाहिए। इससे इंसान के भीतर आत्मविश्वास बढ़ जाता है जिससे वह बड़े से बड़े कार्यों को अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से सफल कर पाने में सक्षम होता है। अपने जीवन में छोटे से बड़े सभी प्रकार के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास की वृद्धि से मनुष्य अपने इंद्रियों में नियंत्रण रख सकते हैं। इसी से ही जीवन को अनुशासित बनाया जा सकता है और जीवन के उद्देश्यों को पूरा करने एक सही दिशा मिलती है।



प्रवचन का लाभ लेने रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता सिर्री हाईस्कूल, सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता पूर्व सरपंच, विनोद सिन्हा, टापेश्वर देवांगन, सखाराम, नेकराम पटेल, संजय त्रिपाठी, विष्णु ध्रुव, चंद्रहास श्रीवास, रायसिंग सहित

# सोरम पंचायत में भ्रष्टाचार जांच की पुनः मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सोरम में भ्रष्टाचार की शिकायत जांच में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को सोरम से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण राजेंद्र कुमार, महावीर साहू, तोगेश, संतोष कुमार, लीलेश, रामकृष्ण, बिसेलाल, मनीराम, नंदू साहू आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 8 जनवरी को ग्राम पंचायत सोरम सरपंच के खिलाफ 14वीं एवं 15वीं वित्त योजना में अवैध रूप से पैसा निकासी की लिखित शिकायत जनदर्शन में की गई है। 17 जनवरी को जनपद पंचायत के माध्यम से जांच दल ग्राम सोरम पहुंचा था। जांच प्रक्रिया के दौरान सरपंच पति ने अपने व्यक्तियों को शराब पिलाकर जांच में बाधा डलवाई। जिससे जांच दल को वापस जाना पड़ा। इसके बाद जांच के लिए किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शीघ्र जांचकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# शिक्षा नीति में बदलाव के साथ भावी पीढ़ी तैयार करेगी सरकार : भानु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल थूहा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अतिथियों से पुरस्कार प्राप्त किया।

बुधवार को कुरूद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत थूहा के हायर सेकण्डरी स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ सहसंयोजक भानु चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने शिक्षा नीति में बदलाव कर बदलते भारत की भावी



पीढ़ी तैयार करने का इरादा जाहिर किया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश भर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बेहतर भविष्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन दिया। राज्य सरकार भी स्कूलों की दशा और दिशा में सुधार कर छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर ठीक करने का प्रयास कर रही है। शिक्षक और विद्यार्थी मेहनत कर आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र को अव्वल बनाने का संकल्प लें।

इस मौके पर श्री चन्द्राकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सम्मानित किया।



## तहसील कॉलोनी में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा की तहसील कॉलोनी में पटवारी एवं अधिकारियों द्वारा आम, जाम, नीलगिरी, नीम के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पटवारी देवेंद्र साहू, पटवारी हेमंत चंद्राकर, त्रिलोक यादव, श्री ध्रुव, मनोज चंद्राकर आरआई उपस्थित थे।

# अटंग में मानसगान सम्मेलन आज से

- छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां देंगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छग राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन 2 से 4 फरवरी तक किया गया है। 5 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त अनेक मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। प्रथम इनाम 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 1501रूपये, चतुर्थ 1001 रूपये, पंचम इनाम 701 रूपये रखा गया है। संगीत, व्याख्या, वेशभूषा, अनुशासन पर 501 रूपये



का विशेष पुरस्कार दिया जा ये गा । ग्रामवासियों के लिए आरती, दीप, सजावट एवं रंगोली सजावट प्रतियोगिता रखी गई है। प्रत्येक दिन प्रथम को 501 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

2 फरवरी को सुबह 10 बजे पंडित राधे रमन शर्मा द्वारा विशेष पूजा की जायेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री निम्मी चौबे रायपुर होंगी। अध्यक्षता महेश्वरी रोशन चंद्राकर सरपंच करेंगे। विशेष अतिथि ओंकार साहू कोंडागांव, गायत्री टेकराम साहू, तीजूराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर कुहकुहा, धनेश्वरी पुष्कर यादव जनपद सदस्य होंगे। तृतीय दिवस समापन एवमं पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि दद्दू देवांगन रायपुर होंगे। अध्यक्षता महेश्वरी रोशन चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि कलीराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, इंदुराम साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, रूपवती नेतराम साहू उपसरपंच होंगे। 5 फरवरी को मड़ई में रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा माटी के सिंदूर बूटाकसा होच्चेटोला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रुद्रनाथ साहू, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर साहू, संरक्षक द्वारिका साहू, सचिव धूषण साहू, सहसचिव तेजेंद्र साहू, संचालक भूपेंद्र साहू, उमेंद्र साहू, संगठन मंत्री भूषणलाल, रूपेंद्र, राजकुमार, कमलेश, शिवकुमार, घनश्याम, छबिलाल, संतवन, योगेश, राजेश, सोमप्रकाश सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

# जीजामगांव में रामायण सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम जीजामगांव में रामायण सम्मेलन आयोजन 2 से 4 फरवरी तक किया गया है। प्रथम दिवस 2 फरवरी को महाकाव्य मानस परिवार कचना भखारा, सत्संग मानस परिवार बेलौदी भखारा, श्रीराम चर्चा मानस परिवार भोथी रांवा, सुर साधना बालिका मानस मंडली चंद्रसुर राजिम, पैरी के लहर बालिका मानस मंडली दुधवारा मगरलोड, दीप ज्योति मानस मंडली सनौद अभनपुर, रामसिया मानस परिवार कोडगांव दरबा, जय दुर्गा मानस परिवार कोकड़ी कुरूद, मां ममता मानस परिवार चिल्हाटी कांकेर, 3 फरवरी को केंवट के राम महिला मानस मंडली बासीन राजिम, तुलसी मंजरी मानस मंडली कोपरा राजिम, श्री ओम मानस मंडली नवागांव चंपारण, जय सरस्वती बालिका मानस मंडली कोकड़ी राजिम, अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी राजिम, स्वर संगम मानस परिवार किलेपार दुर्ग, शिक्षक मानस परिवार कुरूद, प्रेम संदेश मानस मंडली बोरझरा भखारा तथा 4 फरवरी को समर्पण मानस मंडली धरमपुरा रायपुर, नारी जागृति महिला मानस मंडली भानपुरी धमतरी, आराधना संकीर्तन मानस मंडली छिंदडोली महासमुंद, मां शारदा मानस परिवार परसोदा दुर्ग, जय बजरंग मानस परिवार डांडेसरा कुरूद, सती श्रद्धा महिला मानस मंडली गुजरा धमतरी, झलकत मोंगरा के फूल मानस परिवार चारभाठा कुरूद, तरुण सागर जगराता परिवार कन्नेवाड़ा गुरुर की प्रस्तुति प्रतिदिन सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक होगी।

# बच्चों के साथ माताओं ने शैक्षणिक गतिविधियों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में कक्षा पहली से दूसरी और बालवाड़ी के बच्चों व माताओं को शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन कराया गया। कार्यक्रम में माताओं ने अपने बच्चों के साथ खेल शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। शैक्षिक खेलों में बंडल बनाकर इकाई दहाई की समझ, मोमबत्ती जलाओ, गुब्बारे फुलाव, अक्षर से शब्द जोड़ो, गणितीय खेल, गिलास उठाओ आदि गतिविधियां



कराई गई और उत्कृष्ट माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानपाठक ममता प्रजापति ने बच्चों की माताओं से कहा कि घर में दैनिक सामग्रियों जैसे सब्जी व अन्य वस्तुओं का उपयोग कर अपने बच्चों को घर पर खेल या शैक्षिक गतिविधियां आसानी से सिखाई जा सकती हैं जिससे बच्चे सहजता पूर्वक सीख सके। शिक्षक संतोष बांधव ने माताओं को "लंगड़ी दौड़ गिलास उठाओ" खेल गतिविधियां कराई जिसमें टिकेश्वरी ध्रुव ने प्रथम व द्वितीय सीमा कश्यप रही।

मौके पर जनभागीदारी उपाध्यक्ष दुलेश्वरी कश्यप, कमलेश्वरी कश्यप, उर्मिला कश्यप, लीलेश्वरी मरकाम, निर्मला कश्यप, ललेश्वरी ध्रुव, मंगतीनबाई, योगेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी कश्यप, इंद्राणी कश्यप, देवबती साहू, लक्ष्मी ध्रुव, पार्वती ध्रुव, सुनीता कश्यप, लेखिका कश्यप, टिकेश्वरी ध्रुव, प्रधानपाठक ममता प्रजापति एवं शिक्षक संतोष बांधव उपस्थित थे।

# पटेल समाज ने मनाई शाकंभरी जयंती, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- मूली, भटा पकड़कर झूमे सामाजिक बंधु

ग्राम सिर्री में छेरछेरा पूर्णिमा पर पटेल समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई गई। समाज की महिलाओं द्वारा दोपहर कलशयात्रा निकाली गई। सामाजिक बंधुओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते शोभायात्रा निकाली।

साग सब्जी का उत्पादन करने वाले समाज के लोग शोभायात्रा के दौरान मूली, भटा, गोभी पकड़कर नाचते नजर आए। मां शाकंभरी की प्रतिमा और शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर पटेल समाज के अध्यक्ष शोभाराम ने कहा कि मरार समाज साग सब्जी का उत्पादन करने के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है।





पटेल समाज केवल स्वयं का पालन पोषण ही नहीं करता बल्कि वह सर्वसमाज का पालन पोषण करने में भागीदारी निभाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू लोकसभा सांसद थे। अध्यक्षता बंशीलाल पटेल ने की।

इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, कोषाध्यक्ष पुण्येश्वर पटेल, सचिव हेमंत पटेल, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, लेखराम सिन्हा, राजपंच आनंद पटेल, नेकराम, बाबूलाल, रमेश, भुवन, प्रह्लाद, सोनूराम उमेश, शेखर, रोशन, सूरज, लोकेश मौजूद थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

प्रति,
1. अनुजराम साहू पिता डेरहाराम साहू
2. रमेश कुमार साहू/डेरहाराम
3. भुनेश्वरी साहू/अनुजराम साहू
4. अनिल वाधवानी
5. अखिल जग्गी
6. मनोज कुमार मूलवानी

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत।

---000---

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धमतरी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 7/14/19 रकबा 0.016 हे. (720 व.फु.) हे. का आवेदक अनुजराम साहू पिता डेरहाराम साहू निवासी विवेकानंद वार्ड धमतरी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 19/12/2023 के अनुसार सीमांकन दिनांक 02/02/2024 को दिन शुक्रवार समय 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. धमतरी

**न्यायालय तहसीलदार कुकरेल के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202401132400023**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सनः-2023-2024
कुर्रीडीह प.ह.नं. 00006 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - रोहित,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित पिता नकुल राम जाति गोंड द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता नकुल राम का मृत्यु दिनांक 31-03-1995 को ग्राम कुर्रीडीह में हुआ है जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन पेश किये जाने से प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आवेदक को उसके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 05-02-2024 तक पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/01/2024 को जारी किया जाता है।

TAR SINGH
तहसीलदार
तहसील कुकरेल

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बलराम केशवानी पिता रामचन्द केशवानी से उनके स्वत्व एवं धारण की भूमि ग्राम गोकुलपुर तह. व जिला धमतरी जिसका खसरा नम्बर 25/11, 56/5 कुल रकबा 0.066 हे. को क्रय करने का सौदा किया गया है, जिसकी पंजीयन की कार्यवाही अतिशीघ्र होनी है।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति अथवा सौदा के बाबत किसी भी व्यक्ति, वारिसान, सीमावर्ती भूमिस्वामी, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय, निगम अथवा किसी अन्य को आपत्ति या दावा हो तो 5 दिनों के अन्दर अपनी आपत्तिमय दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार को मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति को हर प्रकार के कर्जभारों वो विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा। अतः सूचना जाने।

धमतरी
दिनांक-01/02/2024


भवदीय
सुनील सोलंके (अधिवक्ता)
बांसपारा वार्ड धमतरी
तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)
मो.नं.: 9826174264

शाउमावि सांकरा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

# छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

शाउमावि सांकरा में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया था। प्रथम दिवस दिन मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। दूसरा दिन बुधवार को साहित्यिक बौद्धिक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुलोचना साहू जनपद सदस्य एवं सभापति महिला बाल विकास थीं। अध्यक्षता अनिभा अग्रवाल प्राचार्य शाउमावि





सांकरा ने की। विशेष अतिथि गिरवर भंडारी सांसद प्रतिनिधि, पारस साहू, पवन साहू उपाध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा, गजेंद्र, रमेश साहू, दुष्यंत साहू, डिगेश्वर सिन्हा, लखन सिन्हा, बलराम ठाकुर, केसर ध्रुव, हुलासराम साहू, सुरेश साहू अध्यक्ष मानस सम्मेलन समिति सांकरा, प्रयागचंद बिसेन अध्यक्ष ग्राम सभा सांकरा थे। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर शिक्षक ओंकार साहू, पीलाराम साहू, वेदप्रकाश साहू, रविशंकर साहू, शांतनु साहू, दिनेश खत्री, जेके पटेल, शांति पटेल, दिनेश्वरी नायक मौजूद थे।



## अंचल की खबरें

### लिमतरा परिक्षेत्र में हुई साहू समाज की बैठक



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा में परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज की बैठक परिक्षेत्रीय भवन में रखी गई। सभापति भगवती राम साहू एवं हंसराज साहू की अध्यक्षता में परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में माता कर्मा की आरती से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद सामाजिक नियमावली और सामाजिक समस्याओं पर चर्चा प्रारंभ हुई जिसमें अंतरजातीय विवाह, पारिवारिक विवाद का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम साहू तहसील अध्यक्ष कुरुद, नंदझरोखा कोषाध्यक्ष, तरुण साहू संरक्षक, निर्मल साहू, श्रीमती रेणुका साहू उपाध्यक्ष, गुलाबराम, गोवर्धन साहू, पन्नालाल, रामलाल, चिरौंजीलाल साहू, फगेश्वरी साहू संरपच, ईश्वरी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू, कार्तिक साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव ज्ञानानंद साहू ने किया।

### बिरेतरा में मानसगान आज से

**धमतरी।** युवा विकास समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बिरेतरा में 2 से 4 फरवरी तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पहले दिन की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू होंगी। अध्यक्षता सरपंच ऊषा साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि दमयंतीन साहू, नरेन्द्र साहू, अवनेन्द्र साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ, जागेश्वरी साहू, डॉ. विनेश्वर साहू, शेरसिंग साहू, नूतन कुमार साहू, अलख राम सेन, पारथराम साहू, कल्याणी साहू, कामिनी साहू होंगे। विशेष अतिथि डॉ. रोशन उपाध्याय, डॉ. नवीन साहू, अमन गोस्वामी, मुन्ना लाल पटेल, भीखम साहू, गजेन्द्र साहू, तीरथराम साहू, प्रीत कुमार, मुकेश कुमार, पदुम साहू, कमलकांत साहू, भीखम साहू होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति गोविन्द साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि अमरदीप साहू, आनंद पवार, संतोष हिरवानी, नरेन्द्र साहू, प्रो. मनहरण साहू, ओमप्रकाश साहू, गुहनराम यादव, रामखिलावन साहू, मिलऊराम तारक, पूर्व सरपंच टिकेश्वरी साहू होंगे।

### देश के विकास में युवा शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान



**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में गणतंत्र दिवस एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती कांति साहू, विशिष्ट अतिथि श्रीमती विजयलक्ष्मी गंजीर साहू समाज अध्यक्ष, देवनारायण सिन्हा पंच, श्रीमती सुरुचि यादव पालक समिति सदस्य थे। अध्यक्षता प्रधानपाठक जीवनलाल ने की। भारत माता, महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण के बाद अतिथियों ने धवजारोहण किया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं लोकनृत्यों से संबंधित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती विजयलक्ष्मी गंजीर ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं । बेटियां देश की सीमा में जाकर नागरिकों की रक्षा करने के साथ पायलट बन प्लेन उड़ा रही हैं। श्रीमती कांति साहू, सुरुचि साहू, देवनारायण सिन्हा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा शक्ति महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। युवाओं के बल पर भावी भारत का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कुमारी हेमपुष्पा यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**धमतरी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केएल चरयाणी ने जिला जेल धमतरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ बंदियों द्वारा अपने प्रकरण में गवाही के संबंध में पूछा गया। बंदियों को अवगत कराया गया कि प्रकरण में लगातार गवाही हेतु नोटिस जारी किया जा रहा है और साक्ष्य लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बंदियों से स्वास्थ्य संबंधी एवं खानपान के बारे में जानकारी ली जिस पर बंदियों ने स्वस्थ एवं खानपान में संतुष्ट होना बताया। कुछ बंदियों ने अपनी जमानत आवेदन के संबंध में पूछा, जिस पर न्यायाधीश ने लीगल एड डिफेंस कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एक बंदी ने बताया कि उनके पुत्र उनसे मिलने के लिए नहीं आते हैं जिस पर न्यायाधीश ने उसके पुत्र से सम्पर्क कर पिता द्वारा उससे मिलने की इच्छा के संबंध में अवगत कराने का आवश्वासन दिया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव, जेलर एवं जिला जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व वार्षिक परीक्षा 2 से

**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पूर्व वार्षिक परीक्षा (आंतरिक मूल्यांकन) 2 से 19 फरवरी 2 तक होगी। पूर्व वार्षिक परीक्षा में समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। पूर्व वार्षिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय प्रेषित किये जायेंगे जो अंकसूची में दर्शित होगा। परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर उक्त परीक्षार्थी को अनुपस्थित दर्शाया जायेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।

### छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**धमतरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों को यातायात नियमों एवं आपातकालीन टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य शिवा प्रधान, प्रेमशंकर चौबे ने कहा कि स्कूली बच्चे दूर-दराज से साइकिल, मोटरसाइकिल में आते हैं। किसी प्रकार की घटना होने पर या हादसा हो जाने पर हम हेल्पलाइन नंबर से उनकी मदद कर सकते हैं। पॉलीटेक्निक कॉलेज, ब्वायज स्कूल, गोकुलपुर हाईस्कूल, नूतन स्कूल एवं प्रभातराव मेघा वाले गर्ल्स कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर में भी जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, धमतरी विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

# गुजरा में होगा तेली जातरा एवं आदर्श सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

परिक्षेत्र साहू संघ डोमा के तत्वावधान में समाज को संगठित, आडंबरमुक्त, संस्कारी बनाने ग्राम गुजरा में 9, 10 एवं 11 फरवरी को तेली जातरा एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, धमतरी विधायक ओंकार साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि सनातन, सामाजिक, हिंदुत्व, संस्कारों को लेकर भारतीय इतिहास में तेली समाज का प्रथम आयोजन है। निश्चित ही इससे हमारा समाज संगठित, संस्कारी, आडंबरमुक्त बनेगा।

जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, उपाध्यक्ष तोरणलाल साहू, केकती साहू, अमरदीप साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील अध्यक्षगण कामताराम साहू, राधेश्याम साहू, रोहित साहू, गोपाल साहू, तोषण साहू, पुनीतराम साहू ने समाजजनों से कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

#### मृत्यु भोज पर गम्मत

डोमा परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष चन्द्रकुमार साहू, गणेश्वरी साहू, सचिव डोमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस 9 फरवरी को सामाजिक ध्वजारोहण एवं मां कर्मा की आरती होगी। तत्पश्चात मंगल कलश शोभायात्रा, मां गंगा एवं जल देवती घाट पूजन आरती, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तैंतीस कोटि देव स्थापना, यज्ञ कुंड मंडप पूजन, राष्ट्रीय धर्माचार्य, सनातन धर्म परिषद न्यास भारत एवं भागवताचार्य यामिनी देवी सनातन संस्कृति, संस्कार प्रवचन एवं रात्रि में हनुमान चालीसा एवं अखंड श्रीराम नाम जाप संकीर्तन, मोर संगी जहुंरिया छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी गुजरा द्वारा गम्मत मरिया भात (मृत्यु भोज) पर प्रस्तुति दी जाएगी।

#### होगी सामाजिक गोष्ठी

विभिन्न वक्ताओं अवनेन्द्र साहू, रंजना साहू, पुरुषोत्तम राजपूत, अर्जुनपुरी गोस्वामी, योगेश्वर उपाध्याय, डॉ. सुशीला साहू द्वारा सामाजिक गोष्ठी एवं मानस गोष्ठी पर व्याख्यान दिया जाएगा। गायत्री मंत्र जाप एवं सुआ के बोली रानीसागर गुल्लु रायपुर की प्रस्तुति होगी।

#### आदर्श विवाह समाज के लिए फायदेमंद



अंतिम दिवस 11 फरवरी को 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, मुंडन संस्कार, यज्ञपवित संस्कार, विद्यारंभ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, नामकरण संस्कार, पुंसवन संस्कार, मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम यज्ञाचार्य ओमप्रकाश साहू द्वारा किया गया जायेगा। आदर्श सामूहिक विवाह भी होगा। आदर्श विवाह समाज के सभी वर्ग के लिए फायदेमंद है। खर्चीली शादियों, दिखावा से बचा जा सकता है।

द्वितीय दिवस 10 फरवरी को सुबह द्वादश शिव ज्योतिर्लिंग की पूजा एवं रुद्राभिषेक होगा तत्पश्चात विष्णु यज्ञ, जाप एवं पूजा-आरती, हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस का आयोजन होगा। राजेंद्र साहू, योगेश्वर साहू एवं राकेश साहू, भीषम साहू ने बताया कि इस दौरान लगभग 100 यूनिट रक्तदान रक्तवीरों द्वारा किया जाएगा।

# ट्रस्ट निर्माण का उद्देश्य समाज को एकजुट करना है : नम्रता गांधी

- कल्पवृक्ष सकल जैन महिला ट्रस्ट का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्थानीय धनकेशरी मंगलभवन में कल्पवृक्ष सकल जैन महिला ट्रस्ट का गठन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधीश श्रीमती नम्रता गांधी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रत्नादेवी ओस्तवाल राजनांदगांव ने की। विशिष्ट अतिथि विजय गोलछा (अध्यक्ष जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ), बसंत ओस्तवाल (अध्यक्ष श्री वर्धमान स्थानकवासी संघ), दीपक जैन (अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन पंचायत) थे। कार्यक्रम का प्रारंभ ऋषभ सागर मसा एवं ऋजुप्रज्ञ सागर मसा के मंगलाचरण से हुआ।

श्रीमती रूपल लोढ़ा ने बताया कि इस ट्रस्ट के माध्यम से समाज को एकजुट करना है। सेवा ,समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से इस ट्रस्ट का गठन किया गया है। जिस प्रकार कल्पवृक्ष जरूरतमंदों की सभी जरूरत पूरी करता है उसी प्रकार हम भी इस ट्रस्ट के माध्यम से सभी जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करने का प्रयास करेंगे। मुख्यातिथि नम्रता गांधी ने कहा कि धमतरी मेरी कर्मभूमि के साथ धर्मभूमि भी है। अगर पेड़ हो लेकिन पत्ते न हो तो पेड़ अच्छा नहीं लगता। अगर पेड़ और पत्ते दोनों हो लेकिन कोई शिकारी आकर पेड़ की जड़ें खोदने लग जाए तो पेड़ सुरक्षित नहीं रह सकता। उसी प्रकार जब हम किसी भी संगठन का निर्माण करते हैं तो अध्यक्ष रूपी पेड़ और सहयोगी रूपी पत्ते का होना आवश्यक है।

इस ट्रस्ट के निर्माण का उद्देश्य समाज को एकजुट करना है। आगे कहा कि किसी भी पंथ में कोई मतभेद नहीं है। महिलाएं ही सबको एकजुट कर सकती हैं। बच्चों को पढ़ने वाली, समझाने वाली, मंदिर आदि धार्मिक स्थल ले जाने वाली महिलाएं ही होती हैं।

कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया। मौके पर भंवरलाल छाजेड़, धरमचंद पारख, वीरेंद्र गोलछा, अशोक पराख, रमन लोढ़ा, शिशिर सेठिया, संकेत पारख, श्रीमती किरण सेठिया, श्रीमती शोभादेवी कोटडिया, श्रीमती इंदु जैन, श्रीमती सरला जैन, श्रीमती मोना बैद, श्रीमती संजू कोटडिया, श्रीमती विजयलक्ष्मी वैद सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे।

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन, स्कूल में प्रधानपाठक व भृत्य की नियुक्ति की मांग

# जामपानी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जामपानी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। गांव के स्कूल में प्रधानपाठक व भृत्य की नियुक्ति करने की गुहार लगाई।

नगरी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कसपुर के आश्रित ग्राम जामपानी के ग्रामीण नथेलाराम नेताम, श्रीराम नेताम, इतवारीराम नेताम, ललिता नेताम, फुलोबाई मरकाम, सोबन बाई नेताम, सरिता मरकाम और कंवली नेताम कलेक्ट्रेट पहुंचे।

कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने ग्राम जामपानी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग की, ताकि उनके गांव का संपूर्ण विकास हो सके। स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने के बाद ग्रामीणों को पर्याप्त मनरेगा मजदूरी भी मिलेगी। अतिरिक्त बजट शासन से मिलेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जामपानी में शासकीय माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। इस स्कूल में 60 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां जामपानी के अलावा भत्तापारा, खुरावापारा, चेहरापारा और कमारपारा के बच्चे पढ़ते हैं। 27 जनवरी को प्रधानपाठक सेवानिवृत्त हुए।

बिना प्रधानपाठक के यह स्कूल संचालित है। इस स्कूल में भृत्य नहीं है। ग्रामीणों ने शासन से शीघ्र प्रधानपाठक व भृत्य की पदस्थापना करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### जनमन मिते प्रशिक्षण 2 एवं 3 को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार 2 एवं 3 फरवरी को जनमन मिते का प्रशिक्षण कार्यक्रम गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग डॉ. रेशमा खान ने बताया कि 2 फरवरी को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी और 3 फरवरी को कम्पोजिट भवन धमतरी में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के सफल क्रियान्वयन के लिये सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है साथ ही अधिकारियों को दायित्व भी सौंपा है।

# महाराणा प्रताप गार्डन से जोधापुर स्कूल तक बनेगा सीसी रोड



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


डाकबंगला वार्ड के महाराणा प्रताप गार्डन से जोधापुर स्कूल तक द्वितीय चरण का सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, वार्ड पार्षद सोमेश मेश्राम एवं वार्डवासियों ने किया ।

इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए शहरवासियों के लिए यह मार्ग वैकल्पिक बाईपास के रूप में उपयोगी साबित होगा। सीसी रोड बनने से कालेज रोड से सीधे रत्नाबांधा रोड तक संपर्क हो जायेगा। सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला वार्डवासी इस मार्ग से सीधे रत्नाबांधा रोड पहुंच सकेंगे।

पार्षद सोमेश मेश्राम ने बताया कि कुछ माह पूर्व गली नंबर 3 से महाराणा प्रताप गार्डन तक प्रथम चरण के सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया था जो अब बनकर तैयार है। द्वितीय चरण का भूमिपूजन कार्य किया गया। इस रोड के बनने से आसपास के वार्डवासियों को आवाजाही में आसानी होगी साथ ही कालेज जाने वाले छात्रों को भी सहूलियत होगी।

इस अवसर पर आशीष रात्रे, दानू साहू, गोविंद साहू, बैशाखू राम, दीपक ठाकुर, आलोक जाधव, सुकलू राम, पंचूराम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे ।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ली आजीवन सदस्यता






**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री मधुलिका सिंह सहित सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले में फरवरी और मार्च माह में रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य बनने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले में पदस्थ अन्य अधिकारियों एवं जिलेवासियों से इंडियन रेडक्रास सोसायटी की आजीवन सदस्यता लेने आग्रह किया है, ताकि इससे जुड़कर वे जरूरतमंदों की सहायता और सेवा कर सकें। बता दें कि जिले में इंडियन रेडक्रास सोसायटी का गठन वर्ष 2016 में किया गया था। रेडक्रास सोसायटी जिले में स्वास्थ्य सहायता, सेवाकार्य, दुर्घटना आदि में बचाव कार्य व अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में अपना सहयोग देती रही है।



## लोगों की बजट पर प्रतिक्रियाएं

### अंतरिम बजट विकसित भारत की कल्पना को साकार करेगा : प्रीतेश



**धमतरी।** लोकसभा में विकसित भारत 2024 का अंतरिम बजट देश की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया। लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, विकसित भारत और जनता की सेवा के लिए समर्पण भाव को पुनः परिलक्षित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारम द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के कथन को स्पष्ट करता है जो देश के प्रत्येक नागरिक के विकास और विश्वास में मिल का पत्थर साबित होगा। प्रीतेश गांधी ने आगे कहा कि इस बजट में विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। भाजपा सरकार का यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ घर और बनाए जाएंगे। देश में टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा और विदेशी निवेश को भी बढ़ावा दिया जाएगा। लखपति दीदी योजना को बढ़ावा देने के लिए 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का निर्णय लिया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर किया जाएगा।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं होंगी सशक्त : अवनेंद्र



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए कैबिनेट की बैठक में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दी है। इससे माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। भाजपा के युवा नेता और जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की सरकार है जो लगातार प्रत्येक स्तर के लोगों के हित में कार्य कर रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में सरकार ने महतारी वंदन योजना को लागू करने, तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक बढ़ाने, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम में बदलाव समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में शामिल योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राज्य की विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह यानी हर साल 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है।

### अंतरिम बजट सर्व समावेशी : खिलेश्वरी किरण



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की वित्तमंत्री श्रीमती सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व महिला आयोग सदस्य एवं समाजसेविका श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने कहा कि अंतरिम बजट सर्व समावेशी है जिसमें गरीब, युवा, महिला और किसानों का खास ध्यान रखा गया है। विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया गया है। पूंजी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है जो अधोसंरचना विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। सस्ता ऋण उपलब्ध कराया गया है। कुशल श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा योजना कारगर कदम है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से गरीबों को सस्ते अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट : प्रकाश



**धमतरी।** केंद्रीय मंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि यह बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है। आज के बजट में भारत के सर्वांगीण विकास का प्रावधान देखने को मिल रहा है। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वही बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। श्री बैस ने आगे कहा कि केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है। इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

### देश को विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने वाला बजट : कैलाश



**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रक्रिया देते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि देश का यह बजट राष्ट्र की प्रगति में योगदान भरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सर्व वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। 11 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय करना एक रिकॉर्ड है। कांग्रेस के समय कुल बजट ही 16 लाख करोड़ का होता था। 4 लेन सड़को की संख्या बढ़ी है। आत्मनिर्भर भारत के तहत देश में मोबाइल फोन व सुरक्षा उपकरणों तथा स्वदेशी एयरक्राफ्ट का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। 34 लाख करोड़ डायरेक्ट खाते में डाले गए। देश में 7 आईआईटी, 7 आईआईएम व 15 नए एम्स, 300 नए विश्वद्यालय तथा 300 नई आईटीआई बनाये गए। 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज दिया। आगामी वर्ष में 1 करोड़ घरो में मुफ्त सोलर बिजली दी जाएगी, 3 करोड़ नए घर बनाये जाएंगे, सर्वाइकल कैंसर का टीका मुफ्त लगाया जाएगा।

# केंद्र का अंतरिम बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर फोकस

## मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात, आवास को लेकर सरकार का नया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। उन्होंने बजट पेश करते हुए टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया है। बजट में कोई नीतिगत फैसले भी नहीं लिए गए। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष फोकस किया गया। मध्यम वर्ग को आवास योजना देकर बड़ी सौगात दी है। देश में तीन नए रेल कॉरिडोर सहित 5 साल में दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस बजट में तीन करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी। नौ करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्वयं सहायता समूहों की कामयाबी से महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा। करोड़ों किसानों को पीएम योजना का लाभ सहित फसल बीमा का फायदा मिलेगा। वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये बजट पर शहर के नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है जिसमें बीपीएल कार्डधारी, कृषक, रिटायर्ड अधिकारी, गृहिणी शामिल हैं।



डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, गणेश साहू, सोनीलाल श्रीवास्तव, कृष्णा तिवारी, दिनेश रोहरा, भगवती सोनकर, रजनी विश्वकर्मा, मुन्नालाल चक्रधारी, रामाधार सोनकर, मनोज देवांगन, सुरेन्द्र साहू

### • बड़े उद्योगों को प्रोत्साहन

पीजी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, रिटायर्ड सीईओ जनपद गणेश साहू, रिटायर्ड पुलिस सोनीलाल श्रीवास्तव, कृष्णा तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पूर्व अंतरिम बजट लोक लुभावन बजट नहीं है। सरकार ने देश की आर्थिक सुदृढ़ता के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया है। 1962 से 2015 तक के पेंडिंग आयकर के मामले में 25 हजार तक के मामलों को समाप्त करना अच्छा निर्णय है। स्टार्ट अप एवं बड़े उद्योगों को प्रोत्साहन की नीति स्वागत योग्य है।

### • देश की प्रगति का बजट

शहर के व्यापारी दिनेश रोहरा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि देश को प्रगति के पथ पर लेकर चलने वाला बजट चारों स्तंभ को मजबूत करेगा। बजट में सभी अनिवार्य विषयों को गंभीरता से शामिल किया गया है।

### • महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा

शहर की गृहिणियां भगवती सोनकर, रजनी विश्वकर्मा ने कहा कि केन्द्र का अंतरिम बजट महिलाओं पर फोकस है। इस बजट का भरपूर लाभ महिलाओं को मिलेगा। महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा। महिलाएं अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगी। देश के 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 9 करोड़ महिलाओं को बजट का सीधा लाभ मिलेगा।

### • कृषि क्षेत्र को मिलेगा लाभ

कृषक मुन्नालाल चक्रधारी, रामाधार सोनकर ने कहा कि बजट से 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिलने के साथ कृषि जलवायु क्षेत्र में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी के प्रयोग से कृषि संसाधन पर फोकस करने की कोशिश की गई है। सरकार का नारा जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान सार्थक सिद्ध हो रहा है।

### • गरीबों पर खास ध्यान

बीपीएल कार्डधारी नागरिक मनोज देवांगन और सुरेन्द्र साहू का कहना है कि बजट से सभी वर्ग के लोगों को फायदा तो होगा लेकिन गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों पर केन्द्र सरकार ने खास ध्यान रखा है। आवास योजना, उज्ज्वला गैस, 300 यूनिट बिजली फ्री, 3 करोड़ घर, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर सुधरेगा। उन्हें रोजगार मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम होंगे। केन्द्र का अंतरिम बजट स्वागत योग्य है।

## गाड़ाडीह आर में मानस सम्मेलन एवं यज्ञ 3 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत गाड़ाडीह आर में नवउदय मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को किया गया है। इस सम्मेलन में 16 मंडलियां भाग लेंगी।

प्रथम दिवस सरस्वती मानस प्रचार समिति चरोटा, पावन धरा मानस परिवार छुईहा, ज्ञान गंगा मानस परिवार कुकेरा, ज्ञान सरोवर महिला मानस मंडली खर्रा, चेतन बालिका मानस मंडली नवागांव जय मां मनकेसरी बालिका मानस परिवार टहकापार, गंगा मानस परिवार टेकापार, करुण सागर मानस परिवार कानन्नेवाड़ा एवं द्वितीय दिवस शीतल महिला मानस परिवार कोर्रा, जय मां भैरवी मानस मंडली खुड़ियाडीह, हंसवाहिनी मानस परिवार चंपारण, राधेश्याम महिला मानस परिवार मेघा, शिवम मानस मंडली बलौदाबाजार, श्रीराम प्रिय मानस मंडली मुरहीपार, रेश्मी बालिका मानस मंडली कोसमखुंटा, जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता मंडली पथराबासीन का मंचन होगा।

कार्यक्रम को गति प्रदान करने में युवा एकता मंच, जय सेवा शीतल समिति, जय मां रामधनी पार्टी, जय मां दुर्गा उत्सव समिति, नवजागृति मानस एवं नाट्य मंडली महाराज युवा समिति, श्रीराम मानस मंडली, महिला सेवा समिति, मछुआ सेवा समिति एवं समस्त स्व. सहायता समूह जुटे हुए हैं।

## शासकीय सेवक के रूप में दिया योगदान अमूल्य : नम्रता गांधी

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के सात शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों से कहा कि आप लोगों का शासकीय सेवक के रूप में दिया गया योगदान अमूल्य है। आपने जीवन का अधिकांश हिस्सा सरकारी काम को दिया है। प्रशासन का फर्ज है कि आपको सेवा के अंतिम दिन आपके सभी स्वत्वों का भुगतान और पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता समय पर प्रदान किया जा रहा है, ताकि आमजनों को शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रहे। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

## टैक्स नहीं पटाने वाले 75 बकायादारों को नोटिस जारी

बकायादारों पर सख्त कार्रवाई करने के मूड में नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम में लंबे समय से टैक्स नहीं देने वाले बकायादारों के विरुद्ध निगम बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। प्रथम चरण में 76 बकायादारों की लिस्ट शमिल की गई है जिसमें से 75 बकायादारों को निगम ने निगम अधिनियम 173 के तहत नोटिस जारी कर तय अवधि में बकाया टैक्स जमा करने कहा है। प्रथम चरण में शामिल सभी बकायादार को नोटिस जारी हो चुका है। अब ऐसे बकायादारों की सूची भी सार्वजनिक करने की तैयारी निगम कर रहा है। इसके बाद भी टैक्स नहीं देने वाले ऐसे बकायादारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारी के वसूली की वार्डवार समीक्षा की जिसमें बकायादारों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त विनय पोयाम के निर्देश पर श्री सार्वा द्वारा प्रत्येक सप्ताह टैक्स वसूली को लेकर बैठक की जा रही है। टैक्स वसूली को लेकर मुनादी भी की जा रही है और समय पर टैक्स देने सभी करदाता से अपील की जा रही है। इसके बावजूद टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों पर निगम अब सख्ती के मूड में है। जिन लोगों का वाटर टैक्स बकाया होगा उनके नल कनेक्शन भी विच्छेद किए जायेंगे। दुकान का किराया नहीं देने वालों पर भी निगम सख्त एक्शन लेगा।

## प्रत्येक गांव में भाजपा का कोई पदाधिकारी एक दिन के प्रवास पर रहेगा

■ गांव चलो अभियान एवं शक्ति वंदन योजना पर हुई भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गांव चलो अभियान एवं शक्ति वंदन योजना की जिलास्तरीय कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि गांव चलो- घर घर चलो अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग से संपर्क का महाभियान है। इसके अंतर्गत गांव- गांव एवं वार्ड-वार्ड में जाकर भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचायेंगे और 2024 के आम चुनाव के लिए मोदी जी के पक्ष मे वातावरण बनाएंगे। प्रत्येक गांव में भाजपा का कोई न कोई पदाधिकारी एक दिन का प्रवास करेगा और 24 घंटे जनता के बीच बितायेगा। ठाकुर शशि पवार ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक बूथ में 10 प्रतिशत वोट वृद्धि का होगा और इसके लिए शीर्ष नेतृत्व ने कार्ययोजना बनाई है। संगठन की सभी इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है और सभी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में प्रमाणिकता के साथ काम करेंगे।

शक्ति वंदन योजना के जिला संयोजक प्रकाश बैस ने कहा कि इसके अंतर्गत स्व- सहायता समूहों की महिलाएं, नव महिला मतदाता, कामकाजी महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित प्रत्येक वर्ग की महिलाओं से संपर्क का कार्यक्रम होगा। इसके लिये जिला, मंडल एवं ग्राम स्तर पर समिति बनाई जा रही है। बैठक के अंत में नक्सल हमले में शहीद जवानों को मौन श्रद्धांजलि दी गई। जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि ऐसे वीर जवानों की वजह से ही देश और प्रदेश सुरक्षित है। बैठक में मुख्य रूप से कमलेश ठोकने, प्रीतेश गांधी, महेंद्र पंडित, नेहरू निषाद, श्रीमती हेमलता शर्मा, श्रीमती चंद्रकला पटेल, श्रीमती श्यामा साहू, अविनाश दुबे, हेमंत माला, दमयंतीन साहू, नरेश सिन्हा, कैलाश सोनकर, विजय साहू, श्रवण मरकाम, मुरारी यादव, हेमंत चंद्राकर, उमेश साहू, भानु चंद्राकर, मालकराम साहू, राजेश गोलछा, रोहिताश मिश्रा, मोनिका देवांगन, चंद्रकला साहू, दीपक गजेंद्र, उमेश साहू, राजेंद्र गोलछा, मुरारी यदु, तेजराम साहू, विनोद पांडे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## सलिन्द्री को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों द्वारा निर्मित एवं संचालित स्वप्रेरित नवचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सहित राष्ट्रीय शैक्षिक सबमिट 2023 का आयोजन जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में हुआ जिसमें प्राथमिक शाला लोहरसी की प्रधानपाठिका श्रीमती सलिन्द्री साहू को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषयगत कार्य एवं नवाचार पाठ्य सहगामी गतिविधियों की आवश्यकता, महत्व सहित छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

## अब शिक्षकों को सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति की पात्रता


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक तथा छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षामंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, एरियर्स सहित सत्र के अंत तक शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति के संबंध में ज्ञापन सौंपा था जिस पर शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थी हित को ध्यान में रखते हुए सहायक शिक्षक, उच्च वर्ग शिक्षक व्याख्याता, प्रधानपाठक, प्राचार्य, सभी संवर्ग के शिक्षकों को सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति देने के आदेश 2024-25 के लिए जारी कर दिए। इस पर जिला संयोजक शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ दीपक शर्मा एवं मीडिया प्रभारी एमएस भास्कर, महासचिव गोपाल शर्मा, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संजय नारंग, एसआर टंडन, मनोज वाधवानी, आशासकीय अनुदान प्राप्त महासंघ के जिला अध्यक्ष, हेमंत ठाकुर, प्रकाश पवार, पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष, वासुदेव भोई, छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ की महिला प्रकोष्ठ संयोजक, श्रीमती सुभद्रा कश्यप सहित सैकड़ों शिक्षकों ने सत्रांत तक शिक्षकों के पुनर्नियुक्ति आदेश जारी करने पर छत्तीसगढ़ शासन और कैबिनेट शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एकता से खत्म होंगी समाज की बुराइयां : ओंकार

**धमतरी।** ग्राम बिरेतरा में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मुड़ा डोमा द्वारा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता दीनदयाल मंडावी मुड़ा अध्यक्ष डोमा ने की। विशिष्ट अतिथि डेरहाराम गौतम मुड़ा अध्यक्ष धौराभाठा, धनसिंग मंडावी संरक्षक परिक्षेत्र डाही, विनेश्वर साहू उपसरपंच, गुहन यादव सदस्य ग्राम विकास समिति थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में आदिवासी समाज की अहम भूमिका रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गुण्डाधुर, रानी दुर्गावती सहित समाज के अनेक महापुरूष हैं जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। पूर्व में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाते हुए उनके उत्थान के लिए कार्य किये। लाखों परिवारों को वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदान किया। वनांचल में रहने वाले आदिवासियों को असीमित अधिकार के लिए पहल की। लघु वनोपज का दायरा 7 से बढ़ाकर 65 प्रकार किया। कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य भी बढ़ाया। श्री साहू ने आगे कहा कि सामाजिक एकता के माध्यम से समाज की बुराइयों का सामना आसानी से कर सकते हैं।







